5

# कार्यालय राज्यमंत्री वन, पर्यावरण विभाग मध्यप्रदेश शासन
## वार्ड नं0 5 टौरिया मोहल्ला छतरपुर

दूरभाष क्रमांक– 07682 313404

क्रमांक.– **CHP/277** दिनांक– 29/01/2025

प्रति,

जिला शिक्षाधिकारी
छतरपुर,जि0 छतरपुर म0प्र0

विषयः– प्रभारी प्राचार्य नियुक्त करने बावत्।

—00—

श्री नन्हेंभाई अहिरवार सीनियर शिक्षक दरगुवॉ से प्राप्त आवेदन के आधार पर ज्ञात हुआ कि श्री नन्हेंभाई अहिरवार शास. उच्च मा. वि. दरगुवॉ के प्रभारी प्राचार्य का संचालन कर रहे थे लेकिन जूनियर शिक्षका को प्रभारी प्राचार्य का प्रभार सौप दिया गया।

अतः श्री नन्हेंभाई अहिरवार का शा.उ.मा.वि. दरगुवॉ का प्रभारी प्रचार्य नियुक्त कर कार्यालय को अवगत करावें।

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग (शाखा)

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी
छतरपुर (म.प्र.)
आवक क्र. 822
आवक दिनांक 29/11/25

(कार्यालय)

कार्यालय
राज्यमंत्री
वन, पर्यावरण, म.प्र.

परिशिष्ट–1

(6)

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला-छतरपुर (म.प्र.)

नोटशीट क्रमाँक

पृष्ठक्रमाँक :
शाखा : स्थापना–1
प्रभारी अधिकारी : जि.शि.अ.
प्रभारीलिपिक : कमलेश खरे

विषय :– प्रभारी प्राचार्य नियुक्त करने के सम्बन्ध में।
संदर्भ :– कार्यालय माननीय राज्यमंत्री वन, पर्यावरण का पत्र क्रमांक – 277, दिनांक 29.01.2025.

महोदय,

कृपया सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, उक्त पत्रानुसार श्री नन्हे भाई अहिरवार, सीनियर शिक्षक, दरगुवां से प्राप्त आवेदन अनुसार श्री अहिरवार शास.उ.मा.वि.दरगुवां के प्रभारी प्राचर्या का संचालन कर रहे थे, लेकिन जूनियर शिक्षक को प्रभारी प्राचार्य का प्रभार सौंप दिया गया। श्री नन्हे भाई अहिरवार को शास.उ.मा.वि.दरगुवां का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त करते हुये कार्यालय को अवगत कराने का लेख किया गया है।

अवलोकनीय है, कि श्री नन्हे भाई अहिरवार (मूल पद उ.मा.शि.) प्रभारी प्राचार्य, शास.उ.मा.वि.दरगुवां के विरूद्ध वित्तीय एवं अनियमितताओं की शिकायतें अध्यक्ष, जनपद पंचायत बक्स्वाहा एवं अन्य शिकायतकर्ताओं द्वारा किये जाने के फलस्वरूप कार्यालयीन आदेश दिनांक 28.10.2024 को प्रभार परिवर्तित करते हुये द्वितीय वरिष्ठ शिक्षक श्रीमती प्रार्थना अहिरवार, उ.मा.शि.को संस्था शास.उ.मा.वि.दरगुवां का प्रभार सौंपा गया था, तदोपरान्त वरिष्ठ कार्यालय से भी श्री नन्हे भाई अहिरवार के विरूद्ध शिकायतें प्राप्त होने के कारण जांच दल द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्यालय कमिश्नर, सागर संभाग, सागर द्वारा दिनांक 26.06.2025 को निलम्बित किया गया है, एवं वर्तमान में श्री अहिरवार निलम्बित हैं।

तद्नुसार नस्ती प्राप्त संदर्भित पत्र की प्रति सहित अवलोकनार्थ एवं अग्रिम निर्देशार्थ सादर प्रस्तुत है।

[signature]

जि.शि.अ.महोदय,

कृपया अवगत होना चाहे।

शा. उ. मा. विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री नन्हे भाई अहिरवार उ.मा.शि. को प्रभारी बनाने के लिये माननीय राज्य मंत्री वन पर्यावरण द्वारा दिनांक 29.1.2025 को पत्र क्र 277 दिनांक 29.1.25 जिला शिक्षा अधिकारी छत को लिखा गया था। वर्तमान में नन्हे भाई अहिरवार GHSS. दरगुवां को कमिश्नर महोदय सागर द्वारा वित्तीय अनियमितताओं के कारण 26.6.25 को निलंबित कर दिया गया था। एवं प्रभार संस्था की द्वितीय वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमति प्रार्थना अहिरवार को सौंपा गया था एवं श्री नन्हे भाई अहिरवार वर्तमान में निलंबित चल रहे है। अतः नस्ती आवश्यक निर्देश हेतु सादर प्रस्तुत।

[signature] 20/11/25

Res. Collector Sir

[signature] 26/11/25
अनुभाग अधिकारी,
मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग (शाखा)

अगले पृष्ठ पर जारी........